हरिभूमि


# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

10 पीडीएम के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



11 खंभों पर लटक रहे खुले मीटर बॉक्स, करंट का खतरा



## खबर संक्षेप

### हाइड्रा की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बहादुरगढ़।** झज्जर-बहादुरगढ़ मार्ग पर आईटीआई के पास दर्दनाक हादसा हो गया। यहां हाइड्रा की चपेट में आने से बाइक सवार लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। हाइड्रा ऑप्रेटर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मृतक की पहचान करीब 17 वर्षीय तुशांत के रूप में हुई है। वह गांव जाखोदा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की दोपहर को वह बुलेट बाइक पर सवार होकर कोर्ट से अपने गांव लौट रहा था। बाइक पर उसके साथ उसका दोस्त मोहित भी सवार था। जब झज्जर रोड पर आईटीआई से कुछ दूर आगे बढ़े तो बाइक हाइड्रा की चपेट में आ गई। तुशांत को गंभीर चोट आई। जबकि मोहित भी घायल हुआ। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने तुशांत को मृत घोषित कर दिया।

### बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**झज्जर।** डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि बच्चों की प्रतिभा को पहचान दिलाने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। पुरस्कार के लिए पात्र बच्चे 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के अंतर्गत बहादुरी, नवाचार, खेल, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं तकनीक, कला एवं संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले बच्चों द्वारा नामांकन किए जा सकते हैं। विभिन्न श्रेणियों में देशभर से कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा।

### पंचायती भूमि पर मकानों का मिलेगा कानूनी हक

**झज्जर।** जिप सीईओ मनीष फौगाट ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंचायती भूमि पर बने पात्र आवासों को कानूनी मालिकाना हक प्रदान करने के उद्देश्य से समाधान पोर्टल शुरू किया गया है। इस पहल से वर्षों से पंचायत भूमि पर निवास कर रहे पात्र परिवारों को उनके आवास का वैध स्वामित्व प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत वर्ष 2004 से पहले पंचायत भूमि पर बने पात्र आवासों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। निर्धारित नियमों के अनुसार 500 वर्ग गज तक के मकानों का नियमितीकरण किया जाएगा।

### 9 मिलीमीटर बरसात से मिली मामूली राहत

**बहादुरगढ़।** आसमान में बादल तो लगातार छा रहे हैं लेकिन खुलकर बरसात नहीं हो रही। शुक्रवार को भी इलाके में दिनभर मौसम बदलता रहा। सुबह तेज हवा चली और बूंदाबांदी हुई। इसके बाद शाम तक आसमान में कभी बादल छाने के साथ बरसात हुई तो कभी तेज धूप निकली। वीरवार की अपेक्षा तापमान 2 डिग्री कम रहा। दिनभर में कुल 9 एमएम बरसात दर्ज की गई। शनिवार और रविवार को भी बरसात होने के आसार हैं।

### ऑफिसर कॉलोनी में श्री हनुमान मंदिर में भंडारा 29 जुलाई को

**झज्जर।** ऑफिसर कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 29 जुलाई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी अनिल कपूर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 28 जुलाई की प्रातः आठ बजे होने वाले सुंदरकांड पाठ से होगी। 29 जुलाई को सुबह हवन तथा 11 बजे कन्या पूजन एवं ब्राह्मण भोज के उपरांत भंडारा शुरू होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लें।

## जंतर-मंतर पर युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में शहर में आक्रोश

# वकीलों ने रखा वर्क सस्पेंड, इनेलो ने प्रदर्शन कर डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अधिवक्ताओं ने जंतर-मंतर पर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को नो-वर्क डे रखा। साथ ही नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा और छात्रों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। 20 जुलाई को दिल्ली में संसद की ओर मार्च कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज और अत्यधिक बल प्रयोग की वकीलों ने कड़ी आलोचना की। बार एसोसिएशन ने इस पूरी घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की है।

शुक्रवार को बार एसोसिएशन के प्रधान रविन छिल्लर, महासचिव कपिल भारद्वाज, उपाध्यक्ष राकेश चंद्र, कोषाध्यक्ष चिराग कौशिक, पूर्व प्रधान सतीश छिकारा, विकास यादव, राजकुमार छिल्लर, संदीप सोलंकी, धर्मेंद्र दलाल, संजय गुलिया, सतेंद्र दलाल, प्रवीण कौशिक व धर्मपाल सैनी आदि अधिवक्ताओं ने लघु सचिवालय में पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रधान रविन छिल्लर ने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ जो अत्याचार हुआ है, वह कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार से छात्रों की बात सुनने और उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आग्रह किया। पूर्व प्रधान सतीश छिकारा ने लाठीचार्ज पर दुख व्यक्त किया।



**बहादुरगढ़।** नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।



**झज्जर।** बार परिसर में उपस्थित अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

### वकीलों ने की लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच की मांग

**झज्जर।** जंतर-मंतर पर विद्यार्थियों और युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में स्थानीय बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने वर्क सस्पेंड रखा। जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार की रक्षा की मांग उठाई। बार एसोसिएशन द्वारा जारी प्रस्ताव के अनुसार, दिल्ली पुलिस द्वारा युवाओं पर कथित अत्यधिक बल प्रयोग तथा शांतिपूर्ण आंदोलन के खिलाफ की गई कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया गया। बार प्रधान दीपक गोयल ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज जैसी घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं और इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने और विरोध दर्ज कराने का अधिकार देता है, जिसका सम्मान किया जाना चाहिए।

### शांतिपूर्ण छात्र आंदोलन पर लाठीचार्ज लोकतंत्र पर हमला : इनेलो



**झज्जर।** जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को इनेलो द्वारा डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में इनेलो नेताओं ने विद्यार्थियों पर बल प्रयोग करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज करना लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है। इस मौके पर महेंद्र सैन, देवेंद्र जाखड़, रमेश सिलानी, बलराज, सुखबीर सरोहा, अमित गुलिया, पवन धनखड़, सुनील कडौधा, मंजीत धर्मबीर दरोगा, एडवोकेट विपिन, अमित दलाल, डॉक्टर आकाश भारद्वाज, राकेश भारद्वाज, प्रवीण राठी, शेखर राठी, राजपाल खत्री, योगेश सैनी, सागर राठी, आजाद छिक्कारा, सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### एसयूसीआई ने लाइनपार में किया प्रदर्शन



**बहादुरगढ़।** दिल्ली के जंतर मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाइनपार के सुभाष नगर व शंकर गार्डन में जोरदार प्रदर्शन किया। रामकिशन, अमित कुमार व सतबीर सिंह आदि ने कहा कि छात्रों व युवाओं द्वारा देशभर में चलाए जा रहे आंदोलन का हम समर्थन करते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री को मंत्रीमंडल से बाहर करने के साथ ही लाठीचार्ज-बर्बरता के दोषी पुलिस अधिकारियों को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग करते हैं। रामकिशन, अमित कुमार, सतबीर सिंह बल्हारा, राजबीर छिल्लर, विद्या देवी, शांति देवी व राजबाला आदि ने नई शिक्षा नीति को वापस लेने की मांग रखी।

## मुनीमपुर गांव में हुए हादसे की जांच शुरू

# ग्रामीणों ने एसडीएम के सामने कर्मियों पर लगाए लापरवाही के आरोप

- ग्रामीण बोले-दमकल विभाग के पास कुएं में बचाव कार्य करने के पर्याप्त उपकरण नहीं थे
- दमकल कर्मियों ने कहा- उनके पास जो वाहन हैं, वह आग बुझाने के लिए है, केवल एक में है वी सेट



**झज्जर।** मामले की सुनवाई करते हुए एसडीएम विशाल कुमार।

- स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के कर्मचारियों से भी मांगा जवाब, अब बुधवार को होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बीते रविवार को क्षेत्र के गांव मुनीमपुर में कुएं में गिरे गोवंश को बचाने के लिए उतरे चार युवकों की मौत मामले की मजिस्ट्रेट जांच शुक्रवार को शुरू हुई। इसमें ग्रामीणों, परिजनों, स्वास्थ्य विभाग, एंबुलेंस और पुलिस विभाग के कर्मचारियों को शामिल किया गया।

एसडीएम विशाल कुमार के समक्ष सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए। एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों से प्रत्येक सवाल पर जवाब तलब किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दमकल विभाग के पास कुएं में रेस्क्यू करने के पर्याप्त उपकरण नहीं थे। इस संबंध में दमकल कर्मचारियों ने कहा कि उनके पास जो वाहन है वह आग बुझाने और स्मॉग जैसी परिस्थितियों के लिए है। उनके पास केवल एक वाहन में वी-सेट उपलब्ध था। इसके अलावा ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग, बिजली निगम और पुलिस पर भी लापरवाही के आरोप लगाए। करीब पांच घंटे मामले की सुनवाई चली। एसडीएम विशाल कुमार ने बताया कि जांच में ग्रामीणों, क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, परिजनों के अलावा दमकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के कर्मचारी शामिल किए गए।

ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों और कर्मियों द्वारा दिए गए जवाब दर्ज कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की अगली सुनवाई बुधवार को की जाएगी। इस मामले में महापंचायत में नेताओं व ग्रामीणों ने लापरवाही अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी।

## सीएम नायब सैनी ने किया सम्मानित

# डॉ. राजकला को मिला पं. लखमीचंद सम्मान

- हिंदी और हरियाणवी लोकसाहित्य में 12 पुस्तकें लिख चुकी हैं गांव खेड़का गुर्जर निवासी साहित्यकार डॉ. राजकला देशवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव खेड़का गुर्जर निवासी साहित्यकार डॉ. राजकला देशवाल को हिंदी साहित्य और हरियाणवी लोकसाहित्य में विशिष्ट साहित्य-लेखन एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी का प्रतिष्ठित पंडित लखमीचंद सम्मान दिया गया।

पंडित लखमीचंद प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय रोहतक तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. राजकला देशवाल को अकादमी के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया। बता दें कि डॉ राजकला ने लोक साहित्य के विविध आयाम, लोकगीतों में नारी विमर्श, हरियाणा के लोकसाहित्य की अस्फुट विधाएं, नारी वेदना के विविध रूप, लाड़ कोथली, यादों के दायरे, मन तरंगों की नाव में, स्त्री मन की परतें, उजली राहें, महाकवि सूरदास के आराध्य कृष्ण, पंडित लखमीचंद के काव्य में सामाजिक सरोकार समेत 12 पुस्तकें लिखी हैं।



रोहतक में आयोजित समारोह में डॉ. राजकला देशवाल को सम्मानित करते सीएम नायब सैनी।

### नागरिक अस्पताल में 28 अप्रेंटिस पदों पर भर्ती जारी

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल में शिक्षुता अधिनियम-1961 के तहत विभिन्न ट्रेडों में अप्रेंटिस भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अस्पताल में कुल 28 पदों पर चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रशिक्षण और भत्ता दिया जाएगा। कोपा के 20, अंग्रेजी स्टेनोग्राफर के 2, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर के 2, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर तथा मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग के एक-एक पद पर शिक्षुओं का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कर आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, हरियाणा निवासी प्रमाण पत्र, मैट्रिक प्रमाण पत्र तथा आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। अंतिम चयन सूची जारी होने के बाद चयनित अभ्यर्थी को 1 सप्ताह के भीतर कार्यालय में उपस्थित होना होगा, अन्यथा उसकी नियुक्ति रद्द मानी जाएगी। पूर्व में अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्र नहीं होंगे।

# जलभराव के बाद जागा प्रशासन, नालों की सफाई शुरू, तोड़े अवैध चबूतरे

- शहरी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय निकाय अलर्ट
- शहर के छिकारा चौक से पुराना बर्फखाना मार्ग पर नालों की सफाई की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बीते दिनों हुई बरसात के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव हो गया था, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। बाद में डीसी वर्षा खांगवाल ने शहर का दौरा करते हुए नालों की समुचित सफाई करने और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके चलते प्रशासन हरकत में आया और वीरवार देर सायं से ही नालों की सफाई का कार्य शुरू किया गया।

शहर के छिकारा चौक से पुराना बर्फखाना मार्ग पर नालों की सफाई की जा रही है और नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। डीसी वर्षा खांगवाल ने झज्जर, बेरी व बहादुरगढ़ उपमंडल के संबंधित एसडीएम को जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा करने के निर्देश दिए हैं।



**झज्जर।** नालों की सफाई के दौरान तोड़े गए अवैध चबूतरे।

उन्होंने कहा कि जिला के शहरी क्षेत्रों में बरसात के कारण होने वाले जलभराव को रोकने के लिए जिला प्रशासन योजनाबद्ध ढंग से कदम बढ़ाते हुए हर पहलू पर विशेष फोकस कर रहा है। जल निकासी प्रबंधन के साथ ही सफाई व्यवस्था पर विशेष नजर रखने के लिए एडीसी एवं डीएमसी जगनिवास स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।



नालों की सफाई करती जेसीबी।

### फाइनेंसरों के दबाव में निगला जहर, 3 माह बाद केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** फाइनेंसरों के दबाव में आकर एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। किसी तरह उसकी जान बच गई। अब काफी जद्दोजहद के बाद उसकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज हो पाया है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है।

मामले में सामने आया है कि सांखोल निवासी रवींद्र ने कानोंदा निवासी युवकों से कुछ रुपये लिए थे। रकम न चुकाने पर उस पर दबाव बनाना शुरू कर दिया गया। आरोप है कि गत 17 अप्रैल को आरोपी उसे जबरन उठाकर बामड़ोली के एक फार्म हाउस में ले गए। वहां पर बेरहमी से मारपीट की और पिता के पास रुपयों के लिए फोन कराया। दोबारा धमकियां मिली तो उसने तनाव में आकर जहर निगला। उसे पीजीआई रेफर किया गया। आरोप है कि तब उसने एक अन्य थाने में पुलिस को शिकायत दी थी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब करीब 3 माह बाद शिकायत पर सिटी पुलिस ने अपहरण, मारपीट, एससी-एसटी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। मामले में 3 आरोपियों के नाम भी सामने आए हैं।

## जांच — चेयरपर्सन ने सेक्टर 6 के पार्कों का किया निरीक्षण

# निर्माण में खामियां मिलने पर ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने शुक्रवार को सेक्टर-6 स्थित विभिन्न पार्कों का निरीक्षण कर वहां चल रहे विकास एवं मरम्मत कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान कई स्थानों पर निर्माण एवं मरम्मत कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इस पर चेयरपर्सन ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को बुलाकर कड़ी नाराजगी जताई तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सरोज राठी ने स्पष्ट कहा कि नगर परिषद की ओर से कराए जा रहे सभी विकास कार्य गुणवत्ता के साथ और तय मानकों के अनुसार पूरे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से होने वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में निर्धारित गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पार्कों का विकास कार्य तय समय सीमा के भीतर पूरा हो ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। सरोज राठी ने कहा कि नगर परिषद शहर के सभी पार्कों को सुंदर, स्वच्छ और सुविधायुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।



**बहादुरगढ़।** पार्क में रेजिडेंट्स के साथ चर्चा करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

- निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी पार्कों के रखरखाव और विकास से जुड़े कुछ सुझाव चेयरपर्सन सरोज राठी के समक्ष रखे, जिन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए

निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी पार्कों के रखरखाव और विकास से जुड़े कुछ सुझाव चेयरपर्सन के समक्ष रखे, जिन पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रिटायर्ड एसडीओ राजकुमार, मास्टर राजपाल छिल्लर, ओमप्रकाश आर्य, इंद्रजीत कत्याल, जगबीर मान, कृष्ण लाल वर्मा, करण सिंह दलाल, रोशन लाल सेठी, कृष्ण मास्टर, रोशनी प्रधान, पिंकी, निशा कत्याल, कुसुमलता, निर्मला, आकाश जेई आदि मौजूद रहे।

# खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 27 सिलेंडर किए जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने कॉमर्शियल प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग की सूचना पर शहर और गांव सिलानी में छापेमारी की।

निरीक्षक अजय राठी, निरीक्षक रंजन यादव, उप निरीक्षक अजय कबलाना और उप निरीक्षक रितु कुमारी की टीम ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से 27 सिलेंडर जब्त किए। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेंडर उपयोग करते हुए पाया गया तो सिलेंडर जब्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## ब्लॉक स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# पीडीएम के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा के मयंक और हैप्पी का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। पीडीएम स्कूल के विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रिंसिपल डॉ. सुमन हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

ब्लॉक स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिताओं में पीडीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई स्पर्धाओं में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफाई किया। प्रिंसिपल डॉ. सुमन हुड्डा ने शुक्रवार को उनका स्वागत-सम्मान करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित कियया।

अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा के मयंक और हैप्पी का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। शतरंज प्रतियोगिता में ऋषभ, देव और अनुव्रत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर के लिए स्थान बनाया। एथलेटिक्स में क्रिश सांगवान ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया।

वहीं दसवीं कक्षा की केशवी डागर ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। कबड्डी अंडर-17 टीम ने जसौरखेड़ी रावमावि को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। वहीं अंडर-14 कबड्डी टीम ने कड़े मुकाबलों के बाद द्वितीय स्थान हासिल किया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में 9वीं के वीरांश दहिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि 12वीं के निशांत खत्री ने प्रथम स्थान हासिल कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन हुड्डा ने सभी विजेता एवं चयनित खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी पढ़ने के साथ खेलने के लिए भी प्रेरित किया।

## दुर्गा स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

झज्जर। ब्लाक स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महराना के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। डीपीई अशोक कुमार ने बताया कि अंडर 14 व अंडर 17 लड़कों की खो- खो टीम ने ब्लाक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 लड़कियों की कुश्ती में शिवांगी ने 39 किलोग्राम भार वर्ग व भावना ने 36 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में हार्दिक तथा शतरंज प्रतियोगिता में यक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 ग्रीको में वीर ने 51 किलोग्राम, अनुज ने 48 किलोग्राम, शिवम ने 80 किलोग्राम भारवर्ग तथा अंडर-19 आयु वर्ग में मयंक 63 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फ्रीस्टाइल कुश्ती में करण ने 35 किलोग्राम, तुषार ने 60 किलोग्राम, भूमित ने 44 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय संस्थापक रामचंद्र शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## खंड स्तरीय प्रतियोगिता में एचडी की छात्राओं ने जीते 19 गोल्ड व 9 सिल्वर

झज्जर। राजीव गांधी खेल स्टेडियम साल्हावास में लड़कियों के वर्ग की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में एचडी स्कूल साल्हावास की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 गोल्ड और 9 सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। एथलेटिक्स कोच रवींद्र कुमार, ज्योति मान और कोमल ने बताया कि लड़कियों के वर्ग की इन प्रतियोगिताओं में अंडर-14 आयु वर्ग की छात्रा कनक और रीतु ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए। अंडर-17 आयुवर्ग की हाई जंप स्पर्धा में हिमानी और रीतिका क्रमशः प्रथम व द्वितीय रही। 100 मीटर दौड़ में वर्तिका ने पहला व हिमानी ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार रितिका, नैंसी, मुस्कान, वर्तिका, रितिका, कशिश, कोमल, दिशु, गीत व साक्षी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल जीते। प्राचार्या प्रीति राठी ने बताया कि अंडर-17 आयु वर्ग की 4 गुणा 100 रिले रेस भी स्कूल की टीम प्रथम स्थान पर रही है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।


झज्जर। विजेता खिलाड़ियों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## संस्कार स्कूल के खिलाड़ियों ने खंड स्तरीय प्रतियोगिता में जीते मेडल

झज्जर। संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल छारा के खिलाड़ियों ने खंड स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मेडल जीत कर संस्थान का नाम रोशन किया है। बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 आयु वर्ग में , अंडर-17 आयु वर्ग में लड़कियों व लड़कों तथा अंडर-19 आयु वर्ग में लड़कों टीम विजयी रही। खो-खो की अंडर-14 आयु वर्ग में जहां वंश का चयन हुआ। कुश्ती में देव 70 किलोग्राम भार वर्ग, दक्ष 65 किलोग्राम भार वर्ग, हार्दिक 63 किलोग्राम भार वर्ग, हिमांशु 61 किलोग्राम भार वर्ग, ध्रुव 45 किलोग्राम भार वर्ग तथा गर्वित 45 किलोग्राम भार वर्ग में विजयी रहा। इसके अलावा देव ने शॉटपुट स्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन करके पदक जीता। स्कूल निदेशक राजीव दलाल ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। विजयी चिन्ह बनाते हुए होनहार खिलाड़ी एवं स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## पेस ग्रुप के 26 खिलाड़ियों ने किया जिला स्तर के लिए क्वालीफाई

झज्जर। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पेस ग्रुप की नौ छात्राओं ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाई है। पेस ग्रुप के डायरेक्टर जय विकास ने बताया कि उनके संस्थान के कुल 26 खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि अंडर-17 आयुवर्ग की बॉक्सिंग स्पर्धा में इशु, अंडर-19 आयु वर्ग की बैडमिंटन में हर्षिता, अंडर-17 आयु वर्ग की बैडमिंटन डबल्स में सितिका और साक्षी तथा अंडर-14 आयु वर्ग की बैडमिंटन स्पर्धा में याशिका ने गोल्ड मेडल जीता। अंडर-14 बैडमिंटन डबल्स में छवि और गीतिका तथा योगा एवं आर्टिस्टिक योगा दोनों स्पर्धाओं में जिया ने स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर चेयरमैन युद्धवीर, मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित चावला, हरीश, संदीप, अश्विनी तथा स्पोर्ट्स टीम के सुभाष, पूनम, प्रीति, प्रदीप और रेणु ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन

बहादुरगढ़। जूपिटर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कई विद्यार्थियों ने पदक जीते। विजेताओं का स्कूल में अभिनंदन किया गया। स्कूल निदेशक राजकुमार रुहिल ने विजेताओं खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रिंसिपल राजपाल सिंह सनवाल ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नव्या ने अंडर-14 एथलेटिक्स व शार्टपुट में तीसरा स्थान हासिल किया। राधिका ने लांग जंप में प्रथम स्थान, 200 व 300 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिले रेस में राधिका, नव्या, याशिका व रक्षिता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। नैंसी ने अंडर-17 में शार्टपुट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वाति ने अंडर-17 कुश्ती में 68 किलो ग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंकु ने अंडर-17 में शार्टपुट में दूसरा और डिसकस थ्रो में पहला स्थान प्राप्त किया। हिरेन ने 48 किलो ग्राम में दूसरा, जतिन ने 55 किलो ग्राम में दूसरा, निशांत ने 92 किलो ग्राम में पहला स्थान प्राप्त किया। बेहतर प्रदर्शन के लिए व्यायाम अध्यापक सतेंद्र सिंह के प्रयासों की सराहना की।


बहादुरगढ़। निदेशक व प्रिंसिपल के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एलए स्कूल के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में जीते पदक

झज्जर। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ी लगातार उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि एथलेटिक्स इवेंट्स में ऋषभ ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम, छात्रा अंतिम ने बेडमिंटन व हर्डल रेस में प्रथम, यांशी ने तृतीय, छात्रा अमरजीत ने बेडमिंटन में द्वितीय, माही ने योगा में पंचम, सोनाक्षी ने सातवीं रैंक तथा जेसिका ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। हर्डल दौड़ में सीनियर गर्ल्स में हिमांशी ने प्रिमा, 800 मीटर दौड़ में खुशबु ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कुश्ती प्रतियोगिता में छात्र दीपांशु ने 110 किलोग्राम भार वर्ग, लक्ष्य ने 97 किलोग्राम भार वर्ग तथा इशांत ने 92 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान तथा चिराग ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल किया। ऋषभ ने 400 मीटर में दौड़ में पहला स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। स्कूल पहुंचने पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, प्रबंधक केएम डागर ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उनकी तैयारी कराने वाले शिक्षक डीपीई अमित लोहचब, विशाल सिंह व महेंद्र सैनी के प्रयासों की सराहना की।

# पंजाब में छाए जीडी गोयनका के तैराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। पूर्वी समेत अन्य तैराकों के साथ चेयरपर्सन शैलजा जून। फोटो : हरिभूमि

एचएल सिटी स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई नॉर्थ जोन-टू तैराकी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरवांवित किया। पंजाब में हुई प्रतियोगिता में उत्तर भारत के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली तैराकों ने भाग लिया। स्कूल चेयरपर्सन शैलजा जून तथा प्रधानाचार्या ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जीडी गोयनका स्कूल की होनहार तैराक पूर्वी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। पूर्वी ने 200 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक तथा 200 मीटर फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता। पूर्वी, शताक्षी, नव्या और हर्षिता की टीम ने 4 गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले व 4 गुणा 100 मीटर मेडले रिले स्पर्धा में रजत पदक जीतकर सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रिंसिपल ने विजयी तैराकों की प्रशंसा करते हुए अभिनंदन किया। स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देता है।खेल से नेतृत्व, आत्मविश्वास, टीमवर्क और दृढ़ संकल्प का निर्माण होता है। स्कूल चेयरपर्सन शैलजा जून के अनुसार पूर्वी समेत अन्य विद्यार्थियों ने सिद्ध कर दिया है कि सफलता प्रतिभा के साथ अनुशासन, निरंतर अभ्यास और अटूट समर्पण से प्राप्त होती है। पूर्वी एवं पूरी रिले टीम की उपलब्धि पर विद्यालय को गर्व है। उन्हें विश्वास है कि ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी इसी आत्मविश्वास और उत्कृष्टता के साथ विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# फाउंडेशन स्कूल में शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

शहर के फाउंडेशन स्कूल में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। स्कूल प्राचार्या मोनिका राठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कारगिल शहीदों को नमन किया। आठवीं कक्षा के छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कारगिल विजय के महत्व को बताते हुए छात्रों द्वारा रंगीन प्रस्तुतियां दी गई। छात्रों ने कारिगल विजय दिवस पर भाषण, नृत्य और कविताएं प्रस्तुत की। छात्रों की प्रस्तुतियों से सभी का मन को मोह लिया और सैनिक के जीवन में विजय के महत्व को स्पष्ट किया।

इस दौरान प्रिंसिपल मोनिका राठी ने बताया कि भारतीय सेना की सफलता के लिए सैनिकों ने अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में हुआ कारगिल लगभग 2 महीने तक चला था और 26 जुलाई को भारत की विजय के साथ इसका अंत हुआ। इस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान में यह दिन मनाया जाता है।

स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी ने बताया कि यह दिन देश की एकता और सेना के पराक्रम की याद दिलाता है। कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, राइफलमैन संजय कुमार और ग्रेनेडियर योगेंद्र यादव समेत परमवीर चक्र से सम्मानित वीर योद्धाओं ने इस जीत की आधारशिला रखी। भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सफेद सागर के तहत दुश्मन के बंकर तबाह किए। छात्रों ने कारगिल विजय दिवस के महत्व को समझा और शहीदों को नमन किया।


झज्जर। नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान उपस्थित पूर्व विद्यार्थी संगठन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## केएस गुलिया बने पूर्व विद्यार्थी संगठन के नए प्रधान

झज्जर। शुक्रवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें डॉक्टर खजान सिंह गुलिया को सर्वसम्मति से प्रधान, डॉक्टर रवि किरण मदान को उप-प्रधान, डॉक्टर प्रवीण शर्मा को महासचिव, विनीत नरुला को सह सचिव और श्रीकिशन चाहर को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी डॉक्टर जगदीश राहड रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी संगठन के फाउंडर मेंबर कर्नल योगेंद्र सिंह, रिटायर्ड प्रोफेसर जे एस अहलावत, एडवोकेट सतबीर चौहान, सर्वजीत धनखड़, पुष्पेंद्र कादियान, नवींद्र सिंह एवं पूर्व पदाधिकारी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने भी नई कार्यकारिणी को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि महाविद्यालय प्रशासन और पूर्व विद्यार्थी संगठन मिलकर महाविद्यालय के विकास के लिए कार्य करेंगे। संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष कर्नल योगेंद्र सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों से सभी को अवगत कराया।

# पोस्टर से किया एसआईआर अभियान के प्रति जागरूक

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में एसआईआर अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना तथा अपने निर्वाचन संबंधी विवरणों को समय-समय पर अद्यतन कराना लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार पूनिया ने कहा कि मतदाता सूची का सत्यापन तथा अद्यतन कार्य चुनाव प्रक्रिया की सफलता के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए पोस्टर, बैनर एवं अन्य जागरूकता सामग्री के माध्यम से उपस्थित स्टाफ एवं विद्यार्थियों को एसआईआर अभियान की जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थी एवं महाविद्यालय स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## लघु सचिवालय सभागार में एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी जगनिवास। फोटो : हरिभूमि

जिलेभर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के मद्देनजर शुक्रवार को एडीसी जगनिवास ने लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रीय पर्व में उत्कृष्ट व बेहतरीन कार्यक्रमों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना से ओतप्रोत होने के साथ-साथ प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद हों। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों की तैयारियों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, साज-सज्जा, स्वागत गेट, आसपास की सड़कों की मरम्मत, स्टेज प्रबंधन, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

## डाकू कुलासिया गैंग से जुड़े युवकों की निशानदेही पर विदेशी पिस्टल बरामद

रोहतक। स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) रोहतक ने गैंगस्टर नसीब उर्फ डाकू कुलासिया गैंग से जुड़े दो युवकों की निशानदेही पर रोहतक-पानीपत आउटर बाईपास से विदेशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस संबंध में आईएमटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एसटीएफ इकाई रोहतक में पूछताछ के दौरान झज्जर जिले के गांव आसौदा पाना टोडरान निवासी दीपांशु और विवेक ने बताया कि उनकी गैंगस्टर नसीब उर्फ डाकू कुलासिया से अच्छी जान-पहचान है। दोनों ने बताया कि वे इंस्टाग्राम के माध्यम से नसीब के संपर्क में थे। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि नसीब के कहने पर उन्होंने गांव बराही-जाखौदा रोड स्थित ईंट-भट्टे के पास से काले बैग में रखी तीन पिस्टल और करीब 20 जिंदा कारतूस उठाए थे। बाद में इनमें से दो पिस्टल और 15 कारतूस गांव आसौदा से कुलासी जाने वाले रास्ते पर नहर पुल के पास रख दिए, जबकि एक पिस्टल और दो कारतूस आगामी वारदात के लिए अपने पास छिपाकर रखे। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर एसटीएफ टीम रोहतक-पानीपत आउटर बाईपास पर हनुमान मंदिर पुल के पास पहुंची। सड़क किनारे पत्थरों के नीचे छिपाई गई काली थैली से ब्राजील निर्मित टॉरस 7.65 एमएम पिस्टल और उसकी मैगजीन में रखे दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। बरामद कारतूसों पर 7.65 अंकित था।

दीपांशु और विवेक ने बताया कि उनकी नसीब उर्फ डाकू कुलासिया से अच्छी जान-पहचान

**खबर संक्षेप**

### पार्षद ने सफाई को लेकर फिर उठाए सवाल



बहादुरगढ़। भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने सफाई व्यवस्था को लेकर एक बार फिर नगर परिषद की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा किया है। उनके अनुसार पिछले चार सालों में सफाई के नाम पर हर महीने करोड़ों रुपए के झूठे बिल बनाए गए। सरकारी खजाने को खाली किया गया, लेकिन धरातल पर सफाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ। जसबीर सैनी का कहना कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए कुछ लोग जनता को मूर्ख बनाने के लिए सफाई व्यवस्था के निरीक्षण की बात कर रहे हैं। जबकि उन्होंने 4 साल तक शहर को गंदगी में रखा। अगर शुरुआत में ही सफाई पर ध्यान दिया जाता तो आज बहादुरगढ़ की ये हालत नहीं होती। नालों की सफाई के नाम पर भी सिर्फ खानापूर्ति की गई। न तो कर्मचारियों की संख्या पूरी है और न ही समय पर सफाई होती है। इसी कारण सफाई कर्मचारियों को बार-बार हड़ताल पर बैठना पड़ा। अब नगर परिषद ये सारी नाकामियां छिपाने का प्रयास कर रही है। चुनाव का अंतिम वर्ष आते ही अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देख ये लोग ड्रामे कर रहे हैं। जनता अब इनके बहकावे में नहीं आएगी। सैनी ने कहा कि सफाई व्यवस्था में हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### जिले में 81.96 फीसदी मतदाताओं का हुआ डिजिटाइजेशन

**झज्जर।** जिले में एसआईआर अभियान के अंतर्गत मतदाता सत्यापन और डिजिटाइजेशन कार्य तेजी से जारी है। शुक्रवार सांय करीब चार बजे तक के आंकड़ों के अनुसार जिले के कुल 8,15,711 मतदाताओं में से 6,68,560 मतदाताओं का रिकॉर्ड डिजिटाइज किया जा चुका है, जो 81.96 प्रतिशत है। डिजिटाइजेशन के मामले में झज्जर विधानसभा सबसे आगे है। यहां 1,89,592 मतदाताओं में से 1,65,707 का रिकॉर्ड डिजिटाइज हो चुका है। इसके बाद बादली विधानसभा में 86.14 प्रतिशत, बेरी विधानसभा में 83.28 प्रतिशत और बहादुरगढ़ विधानसभा में 73.80 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि जिले में अब तक 9,653 मतदाताओं ने स्वयं फार्म जमा कराए हैं, जबकि 175 मामलों में ईआरओ द्वारा आवेदन वापिस किए गए हैं। इसके अलावा 10,852 मतदाताओं में एएसडी संबंधी विसंगतियां दर्ज की गई हैं। अधिकारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अनकलेक्टेबल फॉर्म और अन्य विसंगतियां बनी हुई हैं।

## शहर भर में मौत को दावत दे रहे बिजली के क्षतिग्रस्त मीटर

# खंभों पर लटक रहे खुले मीटर बॉक्स करंट से कभी भी हो सकता है हादसा

- खरीदारी करने आने वाले बच्चे और राहगीर आ सकते आ सकते हैं करंट की चपेट में
- शहरवासियों के अनुसार कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के विभिन्न बाजारों और सड़कों पर बिजली के खंभों पर लगे मीटर और मीटर बॉक्स क्षतिग्रस्त हालत में हैं। कई स्थानों पर मीटरों के कवर टूटे हुए हैं, तार खुले पड़े हैं और बॉक्स के दरवाजे लटक रहे हैं।

बरसात के मौसम में इन मीटरों में पानी भरने और करंट फैलने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से समय रहते इन्हें बदलने या मरम्मत करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि ये मीटर ऐसे स्थानों पर लगे हैं, जहां दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। बाजारों में खरीदारी करने आने वाले लोग, दुकानदार, बच्चे और राहगीर अनजाने में इन खंभों के संपर्क में आ सकते हैं। यदि किसी मीटर में करंट उतर जाए तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। दुकानदारों का कहना है कि कई बार बिजली निगम के अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन निगम किसी दुर्घटना के इंतजार में नजर आ रहा है। कई स्थानों पर मीटरों के कवर टूटे हुए हैं, तार खुले पड़े हैं और बॉक्स के दरवाजे लटक रहे हैं। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को पूरे शहर में विशेष अभियान चलाकर सभी क्षतिग्रस्त मीटरों और खुले मीटर बॉक्स की जांच करनी चाहिए तथा उन्हें तत्काल बदला जाए, ताकि बरसात के मौसम में किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**सिटी पल्स**

### बॉक्स टूटे होने से बरसात में करंट का खतरा



दिनेश ठकराल के अनुसार मेन बाजार में दिनभर हजारों ग्राहक आते हैं। बरसात के समय सबसे ज्यादा डर लगता है। मीटर का बॉक्स टूटा हुआ है और बारिश का पानी सीधे अंदर जाता है। क्षतिग्रस्त मीटर बॉक्स में बारिश का पानी जाने से शॉर्ट सर्किट, स्पार्किंग और करंट फैलने का खतरा बढ़ जाता है। निगम को कार्रवाई करनी चाहिए।

### खंभे के पास जाने से भी लगता है डर



कई मीटरोअनिल भाटिया के अनुसार मीटर के तार खुले हुए हैं। तेज बारिश में खंभे के पास जाने से भी डर लगता है। यदि करंट फैल गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। हादसा होने के बाद कार्रवाई करने से बेहतर है कि पहले ही इन्हें बदल दिया जाए। बिजली निगम को शहरभर का सर्वे कर सभी खराब मीटर तुरंत बदलने चाहिए।


### कई बाजारों में स्थिति नाजुक



गौरव पाहवा ने बताया कि बरसात में कई बार स्पार्किंग भी दिखाई देती है। अगर समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। नगर के कई बाजारों में यही स्थिति है। बिजली निगम को नियमित निरीक्षण करना चाहिए। ऐसे मीटरों को तुरंत बदलना और खुले तारों को सुरक्षित करना आवश्यक है। लोगों की जान से बड़ा कुछ नहीं है।



बहादुरगढ़। मेन बाजार में खंभे पर लटके क्षतिग्रस्त मीटर।



बहादुरगढ़। राजेश जून समेत अन्य विधायकों का स्वागत करते अधिकारी।

## बढ़ते प्रदूषण से बचने को पौधरोपण जरूरी : जून

- पानीपत में पर्यावरण पर विधायक राजेश जून ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और जल संकट जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर पानीपत में पर्यावरण एवं प्रदूषण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में समिति के चेयरमैन रामकंवार कश्यप के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में विधायक राजेश जून के अलावा विधायक प्रमोद विज, विधायक विकास सहारण और विधायक घनश्याम भी मौजूद रहे। बहादुरगढ़ के विधायक राजेश जून ने बढ़ते प्रदूषण और लगातार कम हो रहे हरित क्षेत्र पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही बढ़ते जल संकट पर भी गंभीर चर्चा हुई। जल संरक्षण को बढ़ावा देने और भूजल पर निर्भरता कम करने के लिए एसटीपी से शुद्ध किए गए पानी की आपूर्ति पार्कों, हरित क्षेत्रों, औद्योगिक इकाइयों तथा अन्य गैर-पीने योग्य कार्यों के लिए सुनिश्चित की जाए। इससे स्वच्छ पेयजल की बचत होगी और पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकेगी। राजेश जून ने कहा कि यदि सभी लोग मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और जल संरक्षण के उपाय अपनाएं, तो प्रदूषण और जल संकट जैसी समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।

## बुजुर्ग अनकौर की हत्या ने खड़े किए कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव मातन में चुन्नी से गला घोंटकर मारी गई बुजुर्ग महिला के शव का मांडोठी पुलिस ने झज्जर में पोस्टमार्टम करा दिया। उम्रदराज महिला की आखिर किस से रंजिश थी, किसने और किन कारणों के चलते उसे मौत के घाट उतारा, आदि सवाल बने हुए हैं। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस ने गांव में सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। मृतका महिला की कॉल डिटेल खंगलाने के साथ विभिन्न पहलुओं पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

मृतका अनकौर 3 संतानों की मां थी। बेटा गुरुग्राम में रहता है और जबकि 2 बेटियां भालोठ में ब्याही थीं। उनमें से एक बेटी का देहांत हो चुका है। अनकौर गांव मातन में अकेली ही रहती थी और अक्सर नाती, नातिन आदि से फोन पर बात करती रहती थी। जानकारी के मुताबिक, गत 21 जुलाई की रात साढ़े 9 बजे भी अनकौर की बात नाती सुमित व अन्य से हुई थी। इसके बाद अगले दिन जब सुमित व अन्य ने फोन किए तो कॉल रिसीव नहीं हुई। इसके बाद नाती सुमित व नातिन चंचल मातन आए तो उनकी नानी के मकान के मुख्य गेट पर ताला लगा देखा। बाहर दुर्गंध फैली हुई थी। शंका होने पर ताला तोड़कर दरवाजा खोला तो अंदर के हालात देखकर उनके पांव तले जमीन सरक गई।

उनकी नानी मृत थी। गले में चुन्नी बंधी और चोट के निशान थे। प्रारंभिक तौर पर परिजनों ने किसी पर हत्या का शक नहीं जताया है। लिहाजा हत्या का केस दर्ज किया गया है। अनकौर की हत्या किसने और क्यों कि ये फिलहाल सवाल बना हुआ है। आखिर उम्रदराज अनकौर की किसी के साथ ऐसी क्या दुश्मनी थी कि हत्या के बाद मकान पर ताला जड़ दिया गया। उधर, मांडोठी चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह का कहना है कि महिला के शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। विभिन्न पहलुओं पर ध्यान रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से लेकर कॉल डिटेल तक खंगाली जाएगी। जल्द ही मामले को सुलझाकर बुजुर्ग अनकौर के हत्यारों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।



बहादुरगढ़। सीएम नायब सिंह सैनी को मांगपत्र सौंपते प्रदीप कुमार।

## सीएम सैनी से कबीर बस्ती को पक्का करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

संत कबीर बस्ती संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वार्ड-31 की प्रमुख समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने संत कबीर बस्ती को पक्का करवाने की मांग फिर से दोहराई। क्योंकि बस्ती के लोग पिछले कई वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। साथ ही उन्होंने बस्ती के निकट पावर हाउस के सामने डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से चौक का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग भी रखी। प्रदीप कुमार ने बहादुरगढ़ में हुई फर्जी रजिस्ट्रियों की शिकायत भी मुख्यमंत्री को सौंपी और मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

## विद्यार्थियों को नशामुक्ति व साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

- विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति टीम द्वारा गांव चिमनी स्थित राजकीय बाल एवं राजकीय बालिका उच्च विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, ताकि समाज को नशा मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा न करने, डिजिटल भुगतान में सावधानी बरतने तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के बारे में जागरूक किया। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में तुरंत डायल-112 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई। इसके अलावा विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, सड़क पार करते समय सावधानी बरतने, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने तथा ट्रैफिक नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।



बेरी। विद्यार्थियों को जागरूक करते निरीक्षक सतीश कुमार।

## मतदाताओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में एसआईआर अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय स्टाफ को मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के प्रति जागरूक करना तथा पात्र नागरिकों को अपने मतदाता विवरण का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन समय पर करवाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी से मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण का सत्यापन करवाने तथा आवश्यक संशोधन निर्धारित समयावधि में कराने का आह्वान किया। इस मौके पर सुनील कुमार, डॉक्टर पवित्रा देवी आदि रहे।




झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एसआईआर के दूसरे चरण की तैयारी तेज

- 31 जुलाई को प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित एसआईआर अभियान के तहत नियमानुसार मतदाता गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अब आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई को जिला की चारों विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 31 जुलाई से 30 अगस्त तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा अन्य त्रुटियों के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इन सभी दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 सितंबर तक किया जाएगा, जबकि 3 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी।



झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल।

### आधुनिक मशीनों से सफाई के दावे हो रहे फेल

## सीवर में उतरकर सफाई को मजबूर हैं मजदूर



बहादुरगढ़। सीवर में उतरा मजदूर।

**ऑक्सीजन मास्क लगाकर और कमर में रस्सी बांध कर सीवर में उतरते हैं मजदूर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक तरफ विज्ञान और तकनीक के दम पर इंसान चांद तक चुका है, वहीं दूसरी तरफ आज भी सीवर लाइन की सफाई के लिए मजदूरों को अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। कई बार तो मजदूर हादसे का शिकार तक हो जाते हैं।

दरअसल, बहादुरगढ़ में सीवरेज व्यवस्था बदहाल है। जगह-जगह सीवर ब्लॉक हैं और उनसे निकलने वाली गंदगी विकास के दावों को ठेंगा दिखा रही है। हालांकि मशीनों के जरिये भी सीवरों को साफ करने के प्रयास होते हैं लेकिन कहीं न कहीं तकनीकी अभाव के कारण मजदूर को सीवर में उतारना ही पड़ता है। हाल ही में यहां मांडोठी बाजार में भी ऐसा नजारा देखने को मिला। कई दिन से बंद सीवर लाइन को खोलने के लिए एक मजदूर को ऑक्सीजन मास्क लगाकर सीवर में उतार दिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से बस अन्य मजदूर उससे बंधी हुई रस्सी और ऑक्सीजन पाइप पकड़े हुए थे। शहर के निवासी प्रदीप कुमार ने कहा कि गंदे पानी, जहरीली गैस और संक्रमण के खतरे के बीच मजदूर सीवर में उतरते हैं। त्वचा संबंधी रोग, सांस की बीमारियां और जहरीली गैसों से जान जाने तक का खतरा बना रहता है। नवीन ने कहा कि सरकारें सीवर सफाई के लिए आधुनिक मशीनों के दावे करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर आज भी मशीनों की जगह इंसानों को ही सीवर में उतरना पड़ रहा है।

## सीजेपी के आंदोलन को दिया समर्थन

- बार-बार पेपर लीक होने से प्रभावित हो रहा युवाओं का भविष्य : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



ओमबीर छिकारा

शहर के निवासी ओमबीर छिकारा ने दिल्ली में जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी और प्रदर्शन कर रहे युवाओं के आंदोलन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बार-बार भर्ती रद्द होने और पेपर लीक होने जैसी घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से बल प्रयोग की बजाय सीजेपी प्रतिनिधियों और युवाओं से बातचीत कर उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। ओमबीर छिकारा ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन देश के हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है और युवाओं की समस्याओं का समाधान संवाद व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से ही संभव है।

**सूचना**

मैं, सतेंद्र कुमार पुत्र श्री ज्ञानी रम निवासी गांव सांखोल, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र 23 वर्षीय अमित मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में अमित के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। अमित अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**NOTICE**

It is for general information that I, MAMTA W/O ARUN KUMAR, R/O House No-260, Gali no -4, Shanker Garden, Line Par, Bahadurgarh, District -Jhajjar, State-Haryana, Pin Code-124507, declare that name of mine has been wrongly written as MAMTA DEVI in my minor son HARSHIT PARASHAR aged 16 years in his 10th class Marksheet and school record. The actual name of mine is MAMTA. Which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुशीला (पत्नी), पूनम (पुत्री), ललित (पुत्र), शिवानी (पुत्री) व सुमित (पुत्र) स्व. ओमप्रकाश निवासी किल्ला मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3B9TTGB7 (पुरानी प्रॉपर्टी आईडी नंबर-BGR/W25/197) वार्ड नंबर-25 कॉलोनी किल्ला मौहल्ला, जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी टैक्स रिकार्ड में ओमप्रकाश के नाम से दर्ज है। ओमप्रकाश की मृत्यु उपरांत अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त आईडी नंबर पर प्रार्थी के द्वारा वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते हैं, जिसकी वसीयत/वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर-3B9TTGB7 वार्ड नंबर-25 कॉलोनी किल्ला मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे। अन्यथा, इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति-3B9TTGB7/179 वर्ग गज सुशीला (पत्नी), पूनम (पुत्री), ललित (पुत्र), शिवानी (पुत्री) व सुमित (पुत्र) स्व. ओमप्रकाश के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद बहादुरगढ़

**NOTICE**

I, Saloni Gupta W/o Sh. Sushil Gupta R/o H.No. 19/429, Street : Kath Mandi, Colony : Railway Road, Tehsil : Bahadurgarh, District Jhajjar State Haryana, PIN-124507 declare that I have lost my Title Deed No. 4913 dt. 29-08-2014. Finder contact above address. FIR No.- 132570152600495

**आम सूचना**

**न्यायालय श्रीमान D.R.O. / कलेक्टर साहब, झज्जर**

1. उमेद सिंह पुत्र सुखपाल सिंह पुत्र फतेह सिंह पुत्र श्योजी सिंह पुत्र रणमल सिंह, 2. गीता विधवा, 3. मोनी पुत्री, 4. कविता पुत्री, 5. लोकेश पुत्र हरिपाल सिंह पुत्र सुखपाल सिंह पुत्र फतेहसिंह पुत्र श्योजी सिंह पुत्र रणमल सिंह, 6. जगदीश, 7. कृष्ण, 8. अशोक कुमार पुत्रान मदनसिंह पुत्र फतेहसिंह पुत्र श्योजी सिंह पुत्र रणमल सिंह, निवासियान गाँव खेडी तालुका पटोदा, तहसील व जिला झज्जर, 9. सुनीता पुत्री सुखपाल सिंह पुत्र फतेहसिंह व पत्नी पूर्णसिंह पुत्र नानहड सिंह, निवासी गाँव बसाई, तहसील व जिला महेंद्रगढ़, 10. बाला पुत्री सुखपाल सिंह पुत्र फतेह सिंह व पत्नी हरपाल सिंह पुत्र रामकुवार सिंह, निवासी गाँव पाली, तहसील व जिला महेंद्रगढ़ हाल आबाद शकर कुई कॉलोनी, बुचाली रोड (सिगड़ी), जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा-123029

... प्रार्थीगण

बनाम

आम/सामान्य जनता (General Public)

...प्रतिप्रार्थी

उपरोक्त शीर्षक के मुक़दमे में उक्त प्रतिवादी / General Public समन को सूचित किया जाता है कि जमाबंदी वर्ष 2024-25 के अनुसार खेवट न. 662//593 खतौनी न.690 की मुस्तिल न. 122 किला न.20/1/2 रकबा 7 कनाल 16 मरले है, जिसे पहले प्रार्थीगण के दादा ने मूर्तहन लिया था, जिसका इंतकाल न.511 दिनांक 12.06.1925 है तथा उसे 80 रूपये में बैय भी प्रार्थीगण के दादा ने इसी इंतकाल की रूह से पुस्त पर ब्याज दर्ज कराकर बैय का इंतकाल दर्ज करवा दिया था, उक्त रकबे में अगर किसी आम जनता का हित है तो दिनांक 20.08.2026 को प्रातः 10 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पक्ष रखे अन्यथा इस सम्बन्ध में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

हस्ता/-कलैक्टर, झज्जर
(DRO/कलेक्टर, झज्जर)

# Elenta Mart

A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

UPTO 80% OFF

# MONSOON Sale

25 July to 2 August

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
FREE
WiZ Liquid Handwash 1LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
FREE
Fresca 1 LTR
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | GOHANA | KARNAL | HISAR | PANIPAT | BHIWANI

## BUY 1 GET 1 FREE

- REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- CHIPS — BUY 1 GET 1 FREE
- TOPS TOMATO KETCHUP 850G — BUY 1 GET 1 FREE
- GM POHA CLASSIC (500G) — BUY 1 GET 1 FREE
- MCCAIN 1.2KG — BUY 1 GET 1 FREE
- BREGANO PASTA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- XCITE NOODLES (330 g) — BUY 1 GET 1 FREE
- BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE
- NISHA NAMKEEN SELECTED VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- SATMOLA NAMKEEN — BUY 1 GET 1 FREE
- MULBERRY MUFFIN — BUY 1 GET 1 FREE
- VANDNAM BHOG SOOJI -MAIDA - DALIYA 500g — BUY 1 GET 1 FREE
- YUVAID SHARBAT — BUY 1 GET 1 FREE
- TOP / MOTHER PICKLE 950 GM — BUY 1 GET 1 FREE
- FRESCA JUICE 1LTR — BUY 1 GET 3 FREE
- MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
- FUNFOOD VEG MAYO SUPERLITE 800GM — BUY 1 GET 1 FREE
- MANGO SIP — BUY 1 GET 1 FREE
- PRABHAS GHEE — BUY 1 GET 1 FREE
- UNIBIC BISCUITS FAMILY PACK — BUY 1 GET 1 FREE
- KHADI INDIA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- PATANJALI TOOTHPASTE 300 GM / 150GM — BUY 1 GET 1 FREE
- SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- VOOM MATIC LIQUID TOP LOAD & FRONT LOAD 2L — BUY 1 GET 1 FREE
- ARIEL COMPLETE DETERGENT POWDER 4 KG — BUY 1 GET 1 FREE
- K'TRIQ SELECTED VARIANT — BUY 1 GET 1 FREE
- PRO NATURE KABULI CHANA 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
- DEHAAT MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
- EXO LIQUID DISHWASH GEL - 1.5L — BUY 1 GET 1 FREE
- CHINAR MAT Below MRP- ₹400 — STARTING FROM ₹99
- TRISHUL 5LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- IHP PRODUCTS — BUY 1 GET 1 FREE
- CLARET / KRESSA / KCO NAPKIN — BUY 1 GET 1 FREE
- MANIA JUICE 1.2 LTR — BUY 1 GET 3 FREE

**Rohtak, Bus Stand**
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
**Contact:** +91-8199999480

**Rohtak, Model Town**
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
**Contact:** +91-9350999480

**Karnal**
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
**Contact:** +91-90530 86555

**Dighal**
Sampla Beri Road, Dighal.
**Contact:** +91-7419202127

**Pinjore**
Abdullapur Rd, opp. Hotel Raunak, Abdullapur, Pinjore, Haryana **Contact:** +91-76962 97828

**Malerkotla**
Thandi Sadak, opposite Maharaja Hotel, adjoining Tehsil Complex, Guru Teg Bahadur Colony, Malerkotla **Contact:** +91-6284 603 391

**Bahadurgarh**
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
**Contact:** +91-9992296899

**Sampla**
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
**Contact:** +91-8930062800

**Gohana**
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
**Contact:** +91-7419002626

**Jhajjar**
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
**Contact:** +91-8750187531

**Sirhind**
Opposite Central Bank of India, Preet Nagar, Fatehgarh Sahib, Sirhind.
**Contact:** +91-93069 00346

**Sonipat**
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
**Contact:** +91 90530 87555

**Zirakpur**
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
**Contact:** +91-89300 79600

**Hisar**
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
**Contact:** +91-9896938427

**Bhiwani**
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
**Contact: +91** 99960 31240

**Panipat**
Ground Floor, Mittal Mega Mall, Sector 25 II, Sector 25, Panipat,
**Contact:** +91-98177 76446

**UPCOMING BRANCHES**
Mohali | Sirsa | Jind | Narnaul | Ludhiana

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted
paytm

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.